तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025



11 सेवा पखवाड़ा का जायजा लेने डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्रामों में पहुंचे ...

12 कनेरी में मनाई गई उपाध्याय की जयंती






प्रवेश प्रारंभ
SHRI SAI COLLEGE
सीमित सीट/न्यूनतम फीस
• D.Pharma
• B.Ed. • ITI Electrician*
• ITI (Computer/COPA)
• ITI (Health Inspector)
• ITI Data Entry Operator*
OBC/SC/ST/ अल्पसंख्यकों को शासन की छात्रवृति
श्री साई कॉलेज
श्री साई फार्मेसी कॉलेज
श्री साई आईटीआई
पथरिया रोड, नंदिनी- अहिवारा, दुर्ग
Contact : 70241-38402


## नवरात्रि विशेष

### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।




विवाद


भूसा खरीदी-बिक्री में गोलमाल का आरोप

# निकुम समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष हटाने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम के प्राधिकृत अध्यक्ष नेता भैयालाल साहू के विरुद्ध किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि यहां किसानों ने भैयालाल साहू को उक्त पद से हटाने को प्रस्ताव पारित कर दिया है। 3464 कट्टे धान का भी विवाद अब तक पटाक्षेप नहीं हो पाया है, वहीं अब भूसा बेचने को लेकर विवाद छिड़ गया है।

मामले में प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू पर भूसा खरीदने बेचने को लेकर 7 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का जिक्र किया जा रहा है वर्ष 2024-25 में धान स्टेक लगाने के लिए भूसा की खरीदी की गयी थी, 5 प्रति किलो के हिसाब से खरीदा गया था, जिसे 2 प्रति किलो के हिसाब से बेचने की भी बात कही जा रही है। वहीं समिति के चौकीदार का मानदेय 22500 भी प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू निकाल कर रख लिए हैं, तो उसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। ग्राम भोथली के 6 हमाल का धान खरीदी के समय का आज दिनांक तक कोई भी राशि नहीं दी गई है। इस तरह से मनमानी प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू द्वारा किए जाने का आरोप लग रहा है। समिति में खाद होते हुए भी अध्यक्ष व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घुमाया गया और जरूरी खाद समिति के गोदाम में 16 बोरा डीएपी खाद उपलब्ध था, जिसे गांव के पंचराम धनकर, बाबूलाल एवं अन्य किसानों ने जब हल्ला गुल्ला किया तब उपलब्ध कराया गया। इन सब मामले को लेकर गांव के किसान और समिति के सदस्यों ने प्राधिकृत अध्यक्ष के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। तत्काल प्रभाव से बैठक उपस्थित सदस्यों ने मांग की है कि अध्यक्ष भैया लाल साहू को पदमुक्त किया जाए।



### भ्रस्टाचार से इनकार

मामले में उपरोक्त प्रस्ताव जब पारित किया जा रहा था, तो अध्यक्ष भैया लाल साहू भी मौजूद थे। उन्होंने इस मामले पर अपनी सहमति ही नहीं दी। प्राधिकृत अध्यक्ष भैया लाल साहू से मामले पर जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि समिति जीरो शॉर्टेज में है किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। भूसा हटाने का आदेश ऊपर से आया था, जब शिव महापुराण की कथा होने वाली थी, वही 3464 कट्टे धान गायब होने वाले प्रकरण का जांच हो चुकी है। अधिकारियों ने जांच की है सब सही पाया गया है। सारे मामले बेबुनियाद है। सभी मामलों का निराकरण हो गया है। मामले को जबरदस्ती राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। शिकायत करने वालों में सरपंच भागवत राम पटेल पूर्व समिति अध्यक्ष माधव प्रसाद देशमुख, हिंछा राम साहू, सूरज देशमुख, पुनारद लाल साहू, रमेश साहू, देवी साहू उत्तम धनकर छगन साहू, कल्याण देशमुख, नंन्द कुमार साहू, योगेश साहू, गुलाब साहू, सहित अनेक किसान शामिल हैं।

# निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता जांच में कई खामियां आई सामने



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अंतर्गत झलमला से शेरपार तक 133 करोड़ की लागत से बन रही 37.28 किलोमीटर की सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद अब इस मामले में बड़ा कदम उठाया गया है। एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा केंद्रीय मंत्रालय को की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए, एक विशेष जांच दल गुरुवार को मौके पर पहुंचा। जांच दल ने गुरुवार देर रात तक सड़क के दर्जनों स्थानों पर कोर कटिंग करके सड़क की मोटाई और गुणवत्ता की गहनता ▸▸| शेष पेज 11 पर

### अधीक्षण अभियंता ने जताई नाराजगी

निर्माणाधीन सड़क की जांच करने पहुंचे अधीक्षण अभियंता एसएस मांझी ने सड़क पर जगह-जगह आई दरारों और गड्ढों को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कड़े निर्देश दिए। मांझी ने कहा कि बारिश खत्म होने के तुरंत बाद जहां-जहां दरारें आई हैं, उन हिस्सों को तत्काल प्रभाव से उखाड़कर दुबारा डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाए।

**स्थानीय शिकायतों की अनदेखी:** गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन के इस निर्माण कार्य में व्यापक अनियमताओं की शिकायतें स्थानीय प्रशासन से पहले भी की गई थीं। हालांकि, उन शिकायतों पर किसी तरह की कार्रवाई न होने के कारण निर्माण एजेंसी के हौसले बुलंद थे। ऐसा प्रतीत ▸▸| शेष पेज 11 पर

# भाजपा ने मनाई उपाध्याय जयंती और आत्मनिर्भर भारत पर की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भाजपा जिला इकाई द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी नेक्स्ट जेन रिफॉर्म पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष खूबचंद पारख और नगर निगम धमतरी के महापौर व पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा जगदीश रामू रोहरा उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू ▸▸| शेष पेज 11 पर



### जीएसटी सुधारों पर हुई चर्चा

पूर्व प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने जीएसटी सुधारों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जीएसटी पर कांग्रेस केवल बातें करती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मजबूत इरादों के कारण ही यह लागू हो सका। रोहरा ने कहा कि सरकार ने जीएसटी की दरों में बदलाव कर टैक्स को 28 प्रतिशत से 18 और 12 से 5 प्रतिशत कर व्यापारी वर्ग और आम जनता को बड़ी राहत दी है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



# ताजे सीताफल से बाजार में बढ़ी रौनक खरीदारों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दानीटोला और बरारी क्षेत्र से आने वाले सीताफल ने दल्लीराजहरा के बाजारों में इन दिनों खूब रौनक फैला रखी है। ताजे, रसदार और मीठे सीताफल की खेप जैसे ही बाजारों में पहुंच रही है, ग्राहक उसे हाथों-हाथ खरीद रहे हैं।

सुबह से ही ठेला-गाड़ी और दुकानों के सामने खरीदारों की भीड़ लगी रहती है। सीजनल फल होने के कारण ग्राहक इसकी मिठास का आनंद लेने के लिए बेसब्री से इंतजार करते हैं। किसानों की मेहनत रंग लाई बरारी और आसपास के गांवों के किसान बड़ी मात्रा में सीताफल लेकर दल्लीराजहरा पहुंच रहे हैं। इस बार उत्पादन अच्छा होने से हर दिन बाजार में पर्याप्त मात्रा में सीताफल की आमद हो रही है। किसानों का कहना है कि सीताफल की मांग हर साल रहती है लेकिन इस बार शहर में खरीदारों की संख्या और ज्यादा बढ़ी है।

बेहतर दाम मिलने से किसान भी बेहद उत्साहित हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसकी मिठास का स्वाद चखने के लिए आतुर हैं। शहर की हर गली और हर नुक्कड़ पर सीताफल के ठेले नजर आने लगे हैं, जिससे बाजार की रौनक देखते ही बन रही है।

### सीताफल की मिठास से महका दल्लीराजहरा



#### स्वास्थ्य के लिहाज से भी फायदेमंद

सीताफल न सिर्फ स्वादिष्ट है बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी बढ़ाने, पाचन तंत्र को मजबूत करने और त्वचा को चमकदार बनाने में मददगार हैं। यही वजह है कि लोग इसे बड़े चाव से खरीद रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गुंडरदेही ब्लॉक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बालोद/सिकोसा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुण्डरदेही विकासखण्ड क्षेत्रन्तर्गत अनेक पंचायतों में अमृत सरोवर स्थलों में 25 सितम्बर को एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनभागीदारी से ग्रामीणों द्वारा अमृत सरोवर स्थल पर विषेष साफ सफाई की गई। आस पास के क्षेत्र से ठोस अपषिष्ट (प्लास्टिक, कूड़ा) का संग्रह और उचित निपटान किया गया। सरोवर परिसर में झाड़ियो और खरपतवरों को हटाकर परिसर को सुंदर बनाया गया। इस प्रकार एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न किया गया।

### देवारभाट में की गई साफ-सफाई



**बालोद।** ग्राम पंचायत देवारभाट में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बाजार स्थल एवं हनुमान मंदिर के आसपास की सफाई की गई। यह स्वच्छता अभियान ग्राम सरपंच लता कोराम एवं वाइस चेयरमैन जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कमल वर्मा के दिशा निर्देश में चलाया गया। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता अहिल्या साहू, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर फगेश्वरी साहू, रेणुका धुरव, जाना ठाकुर, मालती साहू, परमेश्वर, हनुमान हेमंत साहू एवं ग्रामीण जनों ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

### वाहन चालक की लापरवाही से बिजली पोल टूटा, चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाकर बिजली पोल को ठोकर मारकर तोड़ने पर लाईन बंद होने का आरोप लगाते हुए बिजली विभाग के अधिकारी ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 139 आईएनडी, 281, 324(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड वितरण केन्द्र देवरी में कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदस्थ गीतिकका ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 23 सितंबर को शाम लगभग 04:20 बजे ग्राम फरदफोड निवासी मनीष सोनबरसा ने फोन के माध्यम से सूचना दिया कि अज्ञात वाहन चालक द्वारा लक्ष्मी धर्मकांटा ग्राम देवरी के पास लगा पोल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया हैं जिससे लाईन बंद हो गया हैं। सूचना मिलने पर मैं लाइन मेन पूरन लाल साहू के साथ मौके में जाकर निरीक्षण किया तो किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन चलाकर धर्मकांटा के पास देवरी में लगा पी.सी.सी. पोल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया हैं जिससे एल टी लाईन का विघुत आपूर्ति प्रभावित हुआ हैं जिसमें विघुत विभाग को लगभग 12112.84/– रूपये का क्षति पहुंचाया हैं।

## कार्यक्रम : प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सम्मानित

# सेवा पखवाड़ा में हुई नमो मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज सिवनी स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर बुधवार 24 सितंबर को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नमो मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि ईश्वर ने हमारे दिव्यांग भाई, बहनों को अप्रीतिम प्रतिभा एवं सामर्थ्य दी है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय व समाज के निर्माण में दिव्यांगों की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक दी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने दिव्यांगों में निहित प्रतिभा के संबंध में प्रकाश डालते हुए उनके विशेषताओं के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि बुधवार 24 सितंबर को आयोजित नमो मैराथन दौड़ के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के महिला प्रतिभागियों में गीतांजली साहू प्रथम, कुमारी हेमा द्वितीय एवं कुमारी नीलम तृतीय स्थान पर रही है। इसी तरह 18 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग में त्रिलोकचंद प्रथम, सुमन द्वितीय एवं आशीष तृतीय स्थान पर रहे। आयोजन के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरूष प्रतिभागियों में भीखम साहू प्रथम, सूरज निषाद द्वितीय एवं हर्ष साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला प्रतिभागियों में हिमेश्वरी को प्रथम स्थान, भावना को द्वितीय स्थान एवं टीकांक्षी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जगप्रसाद वर्मा प्रथम, कामता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अधिकारी–कर्मचारी पुरूष वर्ग के प्रतिभागियों में वेदनाथ पटेल प्रथम, भागीरथी द्वितीय एवं ऐनुराम साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह महिला वर्ग के कर्मचारियों में पूणऍमा साहू प्रथम, तरूण आलेन्द्र द्वितीय एवं श्रीमती कीर्ति ठाकुर तृतीय स्थान पर रही। आयोजन में शामिल होने वाले विशेष प्रतिभागियों के अंतर्गत मीनाक्षी को प्रथम एवं मनीषा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा मैराथन दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महिला कमाण्डो रूखमणी ठाकुर, भगवती एवं सरस्वती साहू को विशेष पुरस्त्रकार के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रथम स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 5001 रूपये, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 3001 एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 2001 रूपये प्रदान किया गया। इसी तरह कर्मचारी वर्ग के अंतर्गत प्रथम स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 3000, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 2000 एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को 1500 रुपये की राशि प्रदान किया गया। इसी तरह 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दौड़ के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों तथा विशेष विजेताओं को 01–01 हजार रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# राजमार्ग पर बिखरी मुरूम राहगीरों के लिए बनी जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ बिजली केबल डालने के बाद पाटे गए गड्ढे की मुरुम वहीं छोड़ दिया ठेकेदार

राष्ट्रीय राजमार्ग के जिम्मेदार अपनी संपत्ति की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जिसे जैसा लगा राष्ट्रीय राजमार्ग दुरुपयोग कर रहे हैं। इसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है एवं दुर्घनाटओं का शिकार हो रही है।

ताजा मामला राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में नगर के अंबेडकर चौक का है। नगर पंचायत गुरूर द्वारा अंबेडकर चौक से तहसील कार्यालय तक विद्युतीकरण किया जा रहा है। इस कार्य में सड़क के किनारे विद्युत पोल लगाये जा रहे हैं। इस विद्युतीकरण के लिए भूमिगत केबल डाला जा रहा है। इसी भूमिगत केबल के लिए नगर पंचायत गुरूर के कार्य से संबंधित ठेकेदार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के कालर की खुदाई कर दी। ठेकेदार की लापरवाही यही नहीं रूकी। उसने गड्ढा कर केबल तो डाल दिया, लेकिन उसकी भराई ठीक से नहीं की जा रही है। ठेकेदार ने गड्ढा में केबल डालने के बाद मुरूम को ऊपर से डाल दिया एवं गड्ढे से निकली आधी मुरूम को सड़क पर छोड़ दिया। ठेकेदार की इस लापारवाही के कारण राहगीर सड़क में फैले मुरूम से उत्पन्न कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं। सड़क के कालर में स्थित गड्ढे के कारण गाड़ियां फंस रही है। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित ठेकेदार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से सड़क किनारे खुदाई के पूर्व अनुमति नहीं ली। मामले में नगर पंचायत के उपअभियंता कामता प्रसाद नागेन्द्र ने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग के कालर की खुदाई किये जाने की जानकारी ठेकेदार ने नगर पंचायत को नहीं दी। राष्ट्रीय राजमार्ग से सड़क किनारे खुदाई की अनुमति ठेकेदार ने नहीं ली है। उस संबंध में जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी, उसके लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा।

# चिरायु टीम ने स्कूली बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**डौंडीलोहारा।** शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में चिरायु टीम डौंडीलोहारा के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्कूल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्कूली बालिकाओं को माहवारी के दौरान होने वाले समस्याओं के बारे में तथा उनसे संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों की खून जांच में हिमोग्लोबिन व सिकलिंग की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण में बीमार बच्चों का उपचार किया गया साथ ही सभी विद्यार्थियों के वजन और ऊंचाई नापी गई। प्राचार्य आर के देवांगन की उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय साहू एवं डॉ सादिया बानो के साथ फार्मासिस्ट दीपशिखा ठाकुर, एम एल टी तोष कुमारी सिन्हा, ए एन एम अनीता साहू ने विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू ने व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, महेश रावटे, रवि देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित रहे।

# रजत जयंती वर्ष पर एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ तालाब की साफ–सफाई के बाद किया पौधारोपण

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25वें वर्ष रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बालोद ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम पर मुख्यालय के गंगासागर तालाब में विशाल स्वच्छता अभियान* चलाया। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया।

इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां, छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई। सभी ने हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने का प्रण लिया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कलेक्टर द्वारा गंगासागर तालाब में पौधरोपण करके की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने गंगासागर उद्यान की झाड़ू लगाकर सफाई की। तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई कर्मियों और स्वयंसेवकों ने तालाब में उगे हुए कमल के पौधे, जलकुंभी और अन्य अवांछनीय वस्तुओं को हटाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

# स्कूल भवन लोकार्पण के बाद कई खामियां सामने आयी

**गुरूर।** बालक हायर सेकंडरी स्कूल के नवीन भवन लागत 120.41 लाख के लोकार्पण के तुरंत बाद ही गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने तीन दिन पहले जिस भवन का लोकार्पण किया, उसमें कई कमरों के दरवाजे ठीक से नहीं खुलते, जगह-जगह सीपेज (रिसाव) दिख रहा है और टाइल्स टूटी हुई हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित इस भवन की खराब गुणवत्ता के कारण मंत्री के लोकार्पण को लेकर पहले से ही उहापोह की स्थिति थी और समय को लेकर भ्रम फैलाया गया था। आम चर्चा है कि विभाग ने जानबूझकर गलत जानकारी फैलाई ताकि लोग मंत्री से निर्माण की शिकायत न कर सकें। विवाद उस समय और बढ़ गया जब लोकार्पण के शिलालेख में कई जनप्रतिनिधियों और आमंत्रित अतिथियों का नाम अंकित नहीं था। इससे भाजपा नेताओं ने तीखी नाराजगी व्यक्त की। बढ़ते विरोध को देखते हुए, लोक निर्माण विभाग ने रातोंरात वह शिलालेख बदल दिया। मंत्री ने जिस शिलालेख का लोकार्पण किया था, वह दीवार पर नहीं लगा था, जिससे विभाग को यह काम आसानी से हो गया। अब एक नया शिलालेख उपेक्षित अवस्था में भवन के कमरे में पड़ा है, जिसमें भाजपा के कई स्थानीय नेताओं के नाम भी शामिल किए गए हैं।

### कांग्रेस और भाजपा की खींचतान

नगर पंचायत गुरूर के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा ने इसे कांग्रेसी मानसिकता बताते हुए अधिकारियों पर निशाना साधा और कहा कि सरकार बदलने के दो साल बाद भी अधिकारियों की यह मानसिकता स्वीकार्य नहीं है। वर्तमान में, विभाग अपनी गलती सुधारने का प्रयास कर रहा है, लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण और शिलालेख विवाद को लेकर भाजपा नेताओं की नाराजगी कम नहीं हो रही है।

# महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद् का गठन नीलम विश्वकर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



शासकीय महाविद्यालय मे संचालित राजनीति विज्ञान विभाग मे राजनीति विज्ञान परिषद् का गठन कर स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर की कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थीयों में से पदाधिकारीयों का चयन किया गया।

जिसमे अध्यक्ष नीलम विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष धारणी साहू, सचिव रेणुका साहू, सह–सचिव योगेश कुमार तथा टुकेश्वर, गौतमी, ओमेश्वर सिन्हा, ऐश्वर्या, द्रोण कुमार, साक्षी यादव, भारती, कौशल कुमार, जितेन्द्र कुमार, कुसुमलता आदि को सदस्यों के रूप में चुना गया ᑭ कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. वायके. धुर्वे, मुख्य अतिथी प्रो. एलआर. हिरवानी, विशेष अतिथी प्रो. टीएस. साहू एवं प्रो. आरके. शोरी ने की कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व छग. राजगीत के गायन से की गई। राजनीति विज्ञान परिषद् के सभी पदाधिकारियों को डॉ. वाय. के. धुर्वे के द्वारा पद एवं कर्तव्य निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई, तत्पश्चात विद्याथऍयों द्वारा निर्मित मॉडल चंद्रयान –3, भारतीय संसद भवन, सर्वोच्च व उच्च न्यायालय, छग. के 33 जिलों को अनाज के दानों से प्रदर्शित करता मानचित्र, माचिस की तिलियों से बनाई गई झोपडी, छ. ग. महतारी, पेंटिंग एवं पोस्टर का प्रदर्शन किया गया।

डॉ. वायके. धुर्वे ने कहा इस परिषद् के माध्यम से विद्याथऍ अपने हुनर और क्षमतानुरूप विभाग और कॉलेज के हित में कार्य करेंगे, प्रो. साहू ने कहा कि विद्याथऍयों में अपने दायित्व का बोध होगा और वे अपना कार्य व्यवस्थित रूप से करेंगे, प्रो. आरके. शोरी ने कहा सभी पदाधिकारी हमेशा अनुशासन में रहते हुए कार्य करेंगे और सभी विद्यार्थियों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रो. हिरवानी ने बताया कि राजनीति विज्ञान परिषद् से चुने गये युवा नेतृत्व ही छात्र राजनीति के रूप मे आगे आता है और समाज और राज्य हित में कार्य करता है, इसलिए सभी पदाधिकारी अनुशासन में रहकर विद्याथऍयों और कॉलेज के हित में कार्य करेंगे।

कार्यक्रम मे एमए. राजनीति विज्ञान और बीए. के विद्याथऍ, अतिथी व्याख्याता डॉ. नाजमा बेगम, मोहन साहू, हितेश राठौर, योगेश साहू, टीना देवांगन, कमला कुरेटी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. नाजमा बेगम एवं आभार प्रदर्शन कमला कुरेटी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वायके. धुर्वे के निर्देशन व मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## प्रदेश सरकार किसानों व ग्रामीणों को परेशान कर रही है : कुंवरसिंह

# विधायक कुंवरसिंह ने 47 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



गुंडरदेही विधायक ने ब्लॉक के विभिन्न ग्राम में लगभग 47 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। झमाझम बारिश मे विधायक कुंवरसिंह निषाद ने ग्राम झीटिया में चबूतरा संधारण कार्य 3 लाख, ग्राम किसना में शेड निर्माण 4:50 लाख, ग्राम टटेंगा शेड निर्माण 2 लाख एवं अहाता निर्माण 5 लाख, ग्राम जेवरतला में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, ग्राम सी.बी. नवागांव में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, ग्राम पिनकापार में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, ग्राम संबलपुर में शेड निर्माण 5 लाख एवं सामुदायिक भवन 5 लाख, ग्राम पीपरखार में शेड निर्माण 5 लाख, ग्राम नाहंदा में शेड निर्माण 2 लाख रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। विधायक कुंवरसिंह निषाद ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। गांव का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की ग्राम वासियों से संवाद और उनके सुझाव से ही हम विधानसभा के प्रत्येक गांव को विकसित, शिक्षित और सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि भाजपा सरकार किसानों को खाद व बीज उपलब्ध नहीं करा पाई। ग्रामीणों को बिजली नहीं देकर भारी भरकम विद्युत बिल दे रही है। इससे किसान व ग्रामीण हलकान है। इस अवसर पर कोदूराम दिल्लीवार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी, संजू चौधरी महामंत्री, टुमन साहू जनपद सदस्य, भूपेश नायक जनपद सदस्य, बरसन निषाद, केजूराम सोनबाईर, ललित हिरवानी जोन प्रभारी, एवन साहू, पुरुषोत्तम उर्वश, पुनीत राणा, डोमेश्वरी यादव, तुलाराम, दीप्ति साहू, कृतिका मानिकपुरी, गेंद लाल देवांगन, सरपंच चंद्रहास चापिरा, डोमन ठाकुर, ईश्वर ठाकुर ,नरेंद्र, तरुण रजक, चंद्रभूषण, फनेश्वर साहू ,टिकम, साधना चौधरी, हरख राम ठाकुर, रोमन निषाद, माया चंद्राकर, रुपेश सिन्हा, श्याम सिन्हा, सरपंच, पंच सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान : आदि सेवा पखवाड़ा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ दीर्घकालिक रोडमैप की तैयारी



केंद्र सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 17 सितंबर से शुरू हुआ आदि सेवा पर्व (आदि सेवा पखवाड़ा) बालोद जिले के आदिवासी बहुल गावों में ज़ोरों पर है। गुरूर, डौण्डी और डौण्डीलोहारा विकासखंड के कई चयनित गांवों, जैसे चिरचारी, धोबेदण्ड, चिहरो, अन्नुटोला, नगुटोला, भीमाटोला आदि में आयोजित किया गया।

इस पखवाड़े के दौरान जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण सेवात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान और ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा, जिससे प्रत्येक गाँव के विकास के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। इन योजनाओं को 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित किया जाएगा। इसके साथ ही, शिकायत निवारण और सेवा वितरण के लिए ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए ग्राम विकास योजना क्रियान्वयन कैलेंडर बनाया जाएगा। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पर्व में जनजातीय परिवारों के लोगों ने बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां उन्हें साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी गई और स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

## खबर संक्षेप



### फुटबाल स्पर्धा में यमित और साधना का चयन

**गुरूर।** 25वीं राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 17वर्ष आयु समूह के लिए उ मा वि चिखली के दो बच्चों का चयन हुआ। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि यहां के 2 बच्चे दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी यमित पिता जितेंद्र व साधना पिता जनक नन्दा है यमित कक्षा 10 वीं में व साधना कक्षा 9वीं में अध्ययनरत हैं। बच्चे विगत तीन सालों से फुटबाल का अभ्यास कर रहे हैं, यमित 14 वर्ष आयु समूह में एक बार स्टेट खेल चुका है। दोनों बच्चे चंद्रशेखर पवार से लगातार फुटबाल के गुर सिख रहे हैं इन बच्चों के राज्य फुटबाल प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, सहा जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जनपद डौण्डी सीईओ डीडी मण्डले, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डी, ग्रामपंचायत चिखली सरपंच रम्हऊ राम, प्राचार्य संजय ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।

### माता के दर्शन का विधायक संगीता ने लिया लाभ



**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरबदा में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर ग्राम में विराजित प्रतिमा मां आदि शक्ति दुर्गा के दर्शन व पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन के लिए कामना की। विधायक निधि से निर्मित नवीन टिना शेड निर्माण के लोकार्पण कार्यकम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। विधायक ने कहा नवीन टीना शेड निर्माण से अब ग्राम में सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रमों में सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरुर टोमन साहू, विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत बालोद डॉ.किशोर साहू, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शादिक अली, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुमीत राजा राजपूत, सरपंच प्रीत राम साहू, चिंतना राम साहू, राजेश साहू, युवराज साहू, विजय सिन्हा, समप्त सिन्हा, पूनम साहू, मनहरन साहू, रूप राम साहू, राकेश पटेल सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### एफसीआई परिसर में खड़े ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम परिसर में अचानक खड़ी ट्रक में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। खबर लगने पर दमकल टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर 12 बजे एफसीआई ट्रक सीजी 07 सीबी 0266 में अचानक आग लग गई। ट्रक मालिक परमिल सिंह बताया जा रहा है।

## प्रभारी अधिकारी ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी ली

# सेवा पखवाड़ा का जायजा लेने डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्रामों में पहुंचे प्रभारी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

आदि सेवा पर्व के तहत बालोद जिले के चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में निरंतर आदि सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनजातीय कार्यालय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी सुनील कुमार द्वारा गुरूवार 25 सितंबर को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नंगुटोला, मंगचुवा, फिरतुटोला, करेंगांव, अन्नूटोला आदि ग्रामों में पहुंचकर आदि सेवा कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने इन ग्रामों में जनजातीय वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी सुनील कुमार ने इन गांवों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों से बातचीत कर आदि सेवा पर्व के दौरान उनके गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी





सेवात्मक गतिविधियों के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इस महत्वकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवार के लोगों के मांगों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप ट्राइबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राइबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक गांवों के लिए दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्रामसभा में इन योजनाओं का अनुमोदन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रभारी अधिकारी कुमार ने संयुक्त जिला कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से बालोद जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के प्रगति के संबंध में जानकारी भी ली।

उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी के अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम केरीजुंगेरा, चिखली, बड़ेजुंगेरा, कोड़ेकसा, माईपारा, खड़बत्तर, झीकाटोला एवं पिपरखार अ में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान इन ग्रामों के लिए नियुक्त किए गए वालंटियरों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान रंगोली बनाकर एवं चित्रकला अभियान तथा रैली निकालकर जनजातीय परिवार के लोगों के कल्याण हेतु संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों, वालंटियरों एवं इस कार्य में लगे लोगों आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत उन्हें सौपे गए कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पूरा करने तथा जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु उनके योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई।

## गुरुर में दुर्गोत्सव की धूम























**गुरुर।** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में मां दुर्गा की स्थापना कर पूजा अर्चना जारी है।

## तीसरी बार छलका तांदुला जलाशय



**बालोद।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच तांदुला जलाशव रिकार्ड तीसरी बार छलका है, जिससे जिले वासियों को इस बार तीसरी बार तांदुला जलाशय के मनोरम दृष्य देखने को मिल रहा है। वहीं लगातार बारिश के कारण जिले के नदी नाले उफान पर है और तालाब पोखर पानी से लबालब भरे हुए हैं।

### रक्तदान शिविर 29 को

**बालोद।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालोद में सोमवार 29 सितंबर को रक्तदान शिविर, मेगा हेल्थ कैंप, सफाई मित्र शिविर, मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## छात्रों ने कविता और भाषण के अलावा समूह एवं युगल नृत्यों की प्रस्तुति दी



**दल्लीराजहरा।** नेमीचंद जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर और सह-कार्यक्रम अधिकारी ओमेश्वरी मंडावी ने किया। स्वयंसेवकों ने इस दौरान आकर्षक रंगोली बनाई, जिसमें एनएसएस प्रतीक चिन्ह, स्वामी विवेकानंद और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दर्शाया गया था। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और अरपा पैरी के धार गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने एनएसएस पर कविता और भाषण प्रस्तुत किए तथा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को दर्शाते हुए समूह एवं युगल नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य सुरेश जायसवाल और वार्ड 7 के पार्षद वीरेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और यह किसी भी महाविद्यालय की विशेष पहचान होती है।

### द्वितीय सत्र में प्रश्नोत्तरी और सम्मान

द्वितीय सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य और गीतों के साथ ही छत्तीसगढ़ से जुड़ी मौखिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन साहिल कुमार, मुस्कान बी. और आस्था गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पूर्व स्वयंसेवक राज सोनी और शहदाब खान सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन पर कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## बहुविभागीय समन्वय और सामूहिक सहभागिता से अवगत हुए अन्नूटोलावासी



**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के अंतिम छोर में बसे ग्राम अन्नूटोला के आदि सेवा केंद्र में गुरुवार को आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजाति विकास एवं परिवर्तन व्यक्ति एवं संस्थाओं को सशक्त बनाकर शासन व्यवस्था स्थापित करने हेतु सामूहिक सहभागिता एवं बहू विभागीय सामान्य के माध्यम से ग्राम का सामाजिक एवं बौद्धिक विकास करते हुए जनजाति संस्कृति की गौरव की पुनर्स्थापना तथा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है इस परिकल्पना को साकार करने हेतु आदि सेवा पर्व कार्यक्रम में चरण बद्ध प्रकिया समाहित है गांव के विकास के लिए ग्रामीणों द्वारा कार्य योजना बनाया गया जो 2030 तक विभिन्न प्रकार के रुके विकास कार्य पूर्ण हो सकेंगे इस कार्यक्रम में बालोद जिले के मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति सराहनीय रहा, साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ परमेश्वर मंडावी आदि कर्मयोगी के अध्यक्ष उमेश कोरेटी, अंकुश कुंजाम वार्ड पंच रामलाल साहू, परमेश्वर कुंजाम, मनभा बाई यादव, मैना बाई साहू आदि कर्म योगी के सभी सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर में हुआ दाई के दुलरवा जस झांकी का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्य मार्ग की सफाई कर मां के पूजा स्थल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से नरेंद्र यादव धर्मेंद्र निषाद, शिवकुमार सिन्हा, डॉ बीएल साहसी, धनेश यादव, मदन ठाकुर, नितिन यादव, रोशनी ठाकुर ,दीपक गुप्ता, राहुल भंसाली, पूजा ठाकुर, विक्की यादव आदि ने भाग लिया। तत्पश्चात रात्रि में दाई के दुलरवा पटपर डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ के मुख्य झांकी का आयोजन मुख्य मार्ग पुराना बिजली ऑफिस के समक्ष आयोजित किया गया, जिसने सबका मन मोह लिया। उनके द्वारा गणेश आराधना ,महाभारत का चीर हरण ,मां काली का दृश्य, भगवान शंकर का विवाह का दृश्य दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ लाल निवेंद्र सिंह टेकाम नगर अध्यक्ष व शोभाराम ठाकुर पार्षद तथा प्यारेलाल निषाद पूर्व पार्षद द्वारा किया गया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की ओर से उनका स्वागत अबीर गुलाल लगाकर किया गया। ज्ञात हो कि, माता की स्थापना का यह लगातार 53 वां वर्ष है। जिसे आगे बढ़ाने में नए पीढ़ियों का मुख्य हाथ रहा है।

## पेज 9 के शेष

### निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग ...

से जांच की और नमूने (सैंपल) अपने साथ ले गए। जांच दल में अधीक्षण अभियंता एस. एस. मांझी, कार्यपाल अभियंता बिलासपुर नितीश तिवारी, एसके सूर्यवंशी, अभिजीत सोनी (प्रयोगशाला प्रभारी), ठेकेदार की टीम स्थानीय एनएच के एसडीओ, सब इंजीनियर सहित कर्मचारी मौजूद थे।

### अधीक्षण अभियंता ...

होता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अधिकारी और कर्मचारी भी शासकीय मापदंडों के अनुरूप सड़क निर्माण सुनिश्चित नहीं करा पाए हैं। केंद्रीय मंत्रालय को शिकायत के बाद शुरू हुई यह जांच, सड़क की खराब गुणवत्ता पर अंतिम मुहर लगा सकती है और निर्माण एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

### भाजपा ने मनाई उपाध्याय ...

यादव ने किया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी के हर कार्यक्रम को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जन्म जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके एकात्मक मानववाद, कार्य सिद्धता और राष्ट्र निर्माण के विचारों को रेखांकित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, निर्वितमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार सहित भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तक कम करके व्यापारी वर्ग और आम जनता को बड़ी राहत दी है।

## पांगरी में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित



**गुण्डरदेही।** ब्लाक में प्रथम बार नव जागरण दुर्गा उत्सव समिति ग्राम पांगरी द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न देवियों को स्थापित किया गया। पंडाल की सज्जा भी भव्य है दर्शन के लिए आसपास से दर्शनार्थी भी पहुंच रहे हैं।

# आदिवासी कालोनीवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

■ रहवासियों ने श्रमदान कर जर्जर सड़क की मरम्मत की

नगर के आदिवासी कॉलोनी में रहने वाले परिवार पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। वर्ष 2013-14 से बसाई गई इस कॉलोनी में अब तक पक्की नाली, सीसी रोड, विद्युत पोल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

बरसात में स्थिति और विकट हो जाती है, जब मकानों के चारों ओर पानी भरा रहता है, जिससे मच्छर के साथ-साथ विषैले जीवजंतु का खतरा बना रहता है। कालोनी निवासियों का कहना है कि वे कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। मजबूरीवश



कॉलोनीवासियों ने जनसहयोग और श्रमदान से जर्जर सड़क की मरम्मत कर उसे आवागमन लायक बनाया है। बावजूद इसके उनकी समस्याओं की ओर जिम्मेदार विभागों का ध्यान नहीं है। निवासियों ने खुद को ठगा हुआ महसूस करने की बात कही।

कॉलोनीवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर से लगे गांवों में अवैध कॉलोनियों का निर्माण कार्य लगातार जारी है। इन कॉलोनियों के लिए न तो शासन-प्रशासन से अनुमति ली गई है और न ही जमीन पंजीकृत है। जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर अवैध तरीके से मोटी रकम वसूली जा रही है, लेकिन प्रशासन इस पर भी चुप है। वार्ड क्रमांक 15 के नागरिकों का कहना है कि वे प्रतिवर्ष नगर पंचायत को संपत्ति कर एवं समेकित कर जमा करते हैं, इसके बावजूद उनकी मूलभूत सुविधाओं की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि जल्द ही कॉलोनी का हस्तांतरण नगरीय निकाय को कर सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कालोनी वासियों में निवास करने वालों में प्रमुख सेवाराम चंदेल, जीवन पिस्दा, जीवराखन, खेश राणा, शांतिबाई, रेखा ठाकुर, सरस्वती बाई, हेमन बाई, मानकी बाई, बिशन बाई, कमला बाई, ललतिन बाई, नीलिमा आलेन्द्र, रेणुका कोटरे प्रमुख रूप से शामिल हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हायर सेकंडरी की 11 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**बालोद/कलंगपुर।** उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में सरस्वती सायकिल योजना के तहत नवमीं कक्षा में अध्यनरत पात्र 11 छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास जैन के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा सिन्हा, प्राचार्य टीएस कोल्हे, शिक्षक टीसी मंडावी, विधायक प्रतिनिधि मोजीराम साहू, प्रबंधन समिति के सदस्यगण पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, कीर्ति कुल्हारे, प्रमोद सिन्हा, चंद्रेश जैन, रेखलाल मारकंडे, लीलाधर सिन्हा, भीखाराम साहू सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवम छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

### बोरतरा में हुआ पौधारोपण



**गुरूर।** भाजपा मंडल गुरुर के शक्ति केंद्र बोरतरा के अंतर्गत मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। इसमें संयोजक गणेश्वरी खरेंद्र, सहसंयोजक दिनेश्वरी सिन्हा, फागु राम सिन्हा, मीडिया प्रभारी रितेश सेन, बोरतरा सरपंच पूर्णिमा सिन्हा, महाविद्यालय प्राध्यापक मुरली कुमार सिन्हा, रामस्वरूप सिन्हा, हुमनलाल, नरेंद्र खोबरागड़े व रासेयो के समस्त स्वयं सेवक के एवं सभी प्राध्यापक गणों की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्यक्रम संपादित हुआ।

### धनोरा बाबा दरबार में आज मनायी जायेगी पंचमी



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 27 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे माता रानी के सिंगार कलश चढहावा के पश्चात माता रानी की 108 दीपक द्वारा विशेष आरती किया जाएगा। मंगलवार को शाम 4 बजे दरबार में हवन अष्टमी का कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा एवं 1 अक्टूबर बुधवार को शाम 4 बजे बाबा दरबार में ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सिर्री शक्ति केंद्र में चलाया गया सफाई अभियान



**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सिर्री शक्तिकेंद्र के बूथ क्रमांक 204, 205 शीतला मंदिर प्रांगण पर सफाई अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप शक्ति केंद्र प्रभारी श्रीकांत वर्मा, भारती देवांगन सरपंच, नंदू वर्मा,संयोजक गुलाब देशलहरा, बुथ अध्यक्ष सनत पवार,बुथ अध्यक्ष मनोज देवांगन, नेमलाल यादव, अशोक कुमार, जितेंद्र निर्मलकर, केशव चंद्राकर, लक्ष्मण देवांगन, खेमलाल देवांगन, रामनारायण धुरंधर, नेमीनवर्मा, आशावर्मा, सरिता, मुन्नी, श्यामूबघेल, उतरा, मधु, सुनीता, शकुन सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : उपाध्याय ने राजनीतिक चिंतन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : सिन्हा**

# कनेरी में मनाई गई उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम कनेरी में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जनार्दन सिन्हा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीतिक चिंतन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनके एकात्म मानववाद के दर्शन ने आध्यात्मिक और भौतिक मूल्यों का सम्मिश्रण किया और सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा ने कहा उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया।

उन्होंने एक विकेंद्रीकृत राजनीतिक व्यवस्था और गांव पर केंद्रित आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की कल्पना की उनके विचार भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में निहित थे और सामाजिक समरसता और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते थे उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना पहुंचे और उसका लाभ मिले। इस अवसर पर जनार्दन सिन्हा, दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी, पंच विशाल सिंह बघेल, गैदीबाई विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा डहरे, सनत ठाकुर, हेमलाल ऊईके, खेमलाल सिन्हा, होरीलाल ठाकुर, रेखराम पटेल, महेशरामसिन्हा, जानू राम साहू, चौन सिंह सिन्हा, श्यामलाल साहू, गजराज यादव, द्वारिका साहू, जगजीवन ठाकुर, रखो हरि साहू, पद्मिनी साहू, उमाबाई साहू, कांतिबाई मानिकपुरी, गंगाधर यादव, शंभू देव सिन्हा, कृष्णा यादव, कृष्ण मुरारी यादव उपस्थित थे।

### मनाई गई उपाध्याय जयंती



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम देवकोट में बूथ क्रमांक 168 में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर मनीष साहू, सभापति जिला पंचायत तेजराम साहू, जनपद सदस्य गुलाब सिन्हा, महामंत्री ललित कुमार, गजेंद्र मंडल, सरपंच उषा उइके, गन्नू यादव, हरिचंद, राकेश साहू, कौशल सिन्हा, मोती साहू, राजू साहू, संतराम सिन्हा उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल ने मनायी उपाध्याय जयंती



**गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत परिसर के समीप स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने माल्यार्पण कर नमन किया। इसके अलावा भाजपा मंडल कार्यालय गुंडरदेही में भी पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने अपने कार्यों एवं विचारों के माध्यम से समाज को राष्ट्र के लिए रचनात्मक काम करने की प्रेरणा दी। आज उनकी जयंती पर हम सब उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं।

दीनदयाल उपाध्याय जी ने अन्त्योदय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विचार देकर जिस मजबूत और आत्मगौरव से भरे राष्ट्र की संकल्पना की थी, वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सेवक महिपाल, रजोली के सरपंच त्रयोदश मुकेश आदि शामिल हुए।

### बूथ स्तर पर मनाई गई पं. उपाध्याय की जयंती



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती दिवस बूथ क्रमांक 240 और 241 में संयुक्त रूप से मां दुर्गा मंदिर भाठापारा कलंगपुर में हर्षोउल्लास के साथ मनायी गई। इसमें उपाध्यक्ष मंडल गुंडरदेही विकास जैन, बूथ क्रमांक 240 अध्यक्ष केसराम साहू, बूथ क्रमांक 241 के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, खोमेंद्र सिन्हा, नंदू ठाकुर, मंदिर पुजारी मंगलू नेले, जोहन साहू, दिनेश सिन्हा, डिलेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष विकास जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला।



## आमापारा में चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आमापारा द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का उद्‌घाटन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर बालोद के तहसीलदार आशुतोष शर्मा, बालोद थाना प्रभारी भ्राता शिशुपाल सिन्हा, सेवानिवृत्ति कार्यपालन यंत्री सुधाकर एवं ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी सहित संस्था के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। राजयोगिनी बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने एकाग्र मुद्रा में बैठी हुई चैतन्य देवी स्वरूपा बहनों की स्थिरता का राज समझाते हुए बताया कि इतनी स्थिरता मात्र राजयोग की साधना से ही सहज संभव हो पाता है। राजयोग के अभ्यास से मन को एकाग्र करने से तन पर नियंत्रण अपने आप प्राप्त हो जाता है। इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण यह चौतन्य देवियों की झांकी है, यह झांकी अगले नवमी तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होगी। बालोद तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था पर पहली बार आगमन हुआ और मैंने संस्था के बारे में जैसा सोचा था वैसा ही पाया। यहां आने पर जो खुशी व शांति प्राप्त हुई है वह शब्दों में बयां कर पाना असंभव है। थाना प्रभारी भ्राता शिशुपाल सिंहा ने कहा कि मैं अपनी ट्रेनिंग के समय से ही ब्रह्माकुमारी संस्था के संपर्क में आया हूं और जहां भी जाता हूं मैं संस्था के कार्यक्रमों में जरूर सम्मिलित होता हूं क्योंकि यहां प्राप्त होने वाली शांति मुझे नई ऊर्जा से कार्य करने में सहायता प्रदान करती है। मैं दीदियों को धन्यवाद देता हूं जो मुझे यहां आने का अवसर प्रदान किया। गौरतलब है कि आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में चतुर्थएँ से नवमी तक चौतन्य देवियों की झांकी 25 सितंबर से 30 सितंबर तक शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिदिन संचालित होगी। जिसमें चौतन्य बहने देवी स्वरूप में जड़ मूर्ति के समान एकाग्र मुद्रा में अनवरत योग साधना में ऐसी स्थापित होती है मानो कोई मिट्टी की मूर्ति सामने बैठी हों।

## सेवा पखवाड़ा में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गतवरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हुआ। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त जिला कार्यालय के समीप, आदमाबाद स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से भेंट की।

मुलाकात के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने वृद्धजनों से आत्मीयता से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने वृद्धाश्रम में उपलब्ध व्यवस्थाओं, जैसे कि भोजन, इलाज और मनोरंजन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।





### बुजुर्गों को भेंट किए उपहार

कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर वृद्धजनों के प्रति अपना स्नेह दर्शाते हुए उन्हें फलों के पैकेट भेंट किए। इसके अलावा, महिला वृद्धजनों को साड़ी और पुरुष वृद्धजनों को कुर्ता-पायजामा भी भेंट किया गया। कलेक्टर मिश्रा ने विशेष रूप से वृद्धाश्रम के महिला वार्ड में निवासरत शांति बाई एवं ललिता दीवान तथा अन्य बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। कलेक्टर और अन्य जनप्रतिनिधियों का मधुर एवं आत्मीय व्यवहार देखकर वृद्धजन अत्यंत अभिभूत नजर आए। इस स्नेहिल व्यवहार से कई बुजुर्गों की खुशी के आंसू भी छलक उठे, जिसने इस भेंट को और भी भावुक बना दिया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक और समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य संस्थानों, समुदाय, शैक्षणिक संस्थाओं में चलाया गया एड्स जागरूकता अभियान




**गुरूर।** जिला प्रशासन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जेएल उईके के निर्देशन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. जीआर रावटे के मार्गदर्शन में निरंतर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, समुदाय, शैक्षणिक संस्थाओं में इंटेंसिफाइड एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन कर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। आईसीटीसी काउंसलर हेमलता कोसरे द्वारा एड्स की जानकारी बचाव व भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आज उप स्वास्थ्य केंद्र बागतराई व अन्य संस्था समुदाय में एड्स जागरूकता का आयोजन किया गया। एड्स क्या है इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एचआईवी वायरस के द्वारा फैलता है संक्रमित मनुष्य के रक्त से स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित करता है यह एक लाइलाज बीमारी है यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाएऔर उपचार ले तो व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। वर्तमान में सभी गर्भवती माता को प्रथम त्रैमासिक मासिक में एचआईवी जांच की जाती है।

एड्स कैसे फैलता है इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि संक्रमित खून चढ़ाने से, असुरक्षित यौन संबंध संक्रमित सिरिंज निडिल का उपयोग मुख्य है। बचाव के उपाय के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि लोगों को एड्स के बारे में जागरूक करना शारीरिक संबंध बनाते समय निरोध का उपयोग, खून चढ़ाने से पूर्व रक्त परीक्षण दूषित सिरिंज का उपयोग न करें। उक्त अवसर पर सरोज महमल्ला, चौन सिंह साहू, आरएचओ खुशबू गोस्वामी एवं मितानिन उपस्थित थे।

## गुरुर ब्लॉक में आदि सेवा पर्व जारी



**गुरूर।** आदि सेवा पर्व का आयोजन विकासखंड गुरुर में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर द्वारा 17 सितंबर से आयोजन किया जा रहा है। यह चिन्हांकित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन कर आदि कर्मयोगी अभियान के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी ग्राम में चयनित आदि सहयोगी व समुदाय के लोगों को ग्राम स्तर की समस्याओं और आवश्यकताओं की कार्ययोजना निर्माण नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना, सामाजिक सहभागिता, शासन के विभिन्न योजनाओं को धरातल तक शत प्रतिशत क्रियान्वयन करना समृद्ध गांव बनाना यही प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही पारंपरिक प्रथाओं, विरासत से स्थापित देवी देवताओं की की सहेज कर रखना। जनजातीय विकास एवं परिवर्तन हेतु व्यक्ति संस्था को शसक्त बनाकर उत्तरदायी शासन स्थापित करना मुख्य उद्देश्य है। ब्लॉक मास्टर ट्रेनर के में रूप राजेंद्र अवस्थी, रूपाली कश्यप, अंजनी देवी, हितेश साहू, रामू लाल ठाकुर, केआर उर्वशा की सहभागिता रही।

### छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल में बैंक खाता सुधारे छात्र

**बालोद।** पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं वर्ष 2024–25 के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति भुगतान हेतु छात्रों को पोर्टल में बैंक खाता में सुधार कराना अनिवार्य है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं वर्ष 2024–25 में छात्रों का बैंक खाता बंद होने, खाता फ्रीज होने तथा बैंक खाता आधार से सीडिंग नहीं होने के कारण छात्र–छात्राओं का छात्रवृत्ति भुगतान लंबित है। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे समस्त छात्र–छात्राएं 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन छात्रवृत्ति पोर्टल में अपने बैंक सीडेड सक्रिय बैंक खाता की प्रविष्टि कराने एवं खाता से आधार सीडिंग कराते हुए उक्त वर्षों में अपने अध्ययनरत संस्था को सूचित करना सुनिश्चित कराने को कहा है।

## सेवा पखवाड़ा में की गई गांव में साफ-सफाई

**जामगांव आर।** भाजपा द्वारा इन दिनों 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न सेंटर गांवों में विभिन्न जन हितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता अभियान को जन मानस तहत गहराई से पिरोने और उसके लाभ बताने के लिए भाजपा नेत्री भानुप्रिया साहू ने अपने गृह ग्राम औरी महिलाओं को संगठित कर मोटिवेट करते हुए कहा कि भारत गांवों का देश है गांव स्वच्छ तब देश स्वच्छ बन पायेगा आओ हाथ बटाये। भाजपा नेत्री भानुप्रिया साहू ने महिलाओं से कहा कि देश का प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देश वासियों की चिंता करते हुए कहते है स्वस्थ रहने के स्वच्छता अत्यावश्यक है जरूरी है। इस महत्वपूर्ण विचार को प्रत्येक देशवासी को अपनी



भलाई देश की भलाई के लिए अविलंब आत्म सात करना चाहिए। ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक मंदिरों, स्थलों, गलियों एवं सड़कों का साफ–सफाई किया गया। यह पूर्णत सेवा के रूप में निशुल्क किया गया स्वच्छता अभियान में भानुप्रिया साहू, इंद्राणी ठाकुर, सुनीता साहू, रुकमणी साहू, दिनेश्वरी यादव, मीना निर्मलकर, धनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, मधुबाला साहू, भुनेश्वरी ठाकुर ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### मोखा में मनाई गई उपाध्याय जयंती

**गुरूर।** शक्ति केंद्र मोखा में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा सदस्यों ने मनाई। इसमें प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र के संयोजक श्यामलाल गजेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, बलराम गजेंद्र, ईश्वर कटेंद्र, युगल किशोर साहू, पंचराम निषाद, उप सरपंच गांव के वरिष्ठ जन मातृ शक्ति की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम संपादित हुआ।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

### मां दुर्गा की चुनरी यात्रा आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गांधी नगर अंडा में 27 सितम्बर को माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकली जा रही है, जिसमें सभी समस्त ग्रामवासियों व श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में आकर माता रानी चुनरी यात्रा को सफल बनाने की सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737